>

Title: Need to include Bhojpuri language in the Eight Schedule to Constitution.

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** हम एकदम प्वाइंटेड बोलेंगे। भोजपुरी भाषा को अष्टम सूची में शामिल करने के लिए कई माननीय सदस्यों ने शून्य काल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आदि कई माध्यमों से इसे सदन में उठाया है।[MSOffice7]

महोदय, 18 दिसंबर, 2006 को मैंने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया था, उसके सन्दर्भ में सरकार की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि अब किसी किन्तु या परन्तु की कोई गुंजाइश नहीं है। संविधान की आठवीं अनुसूची में भोजपुरी और राजस्थानी भाषा को शामिल करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। आगामी सत्र में इसके लिए बिल सदन से पारित कराया जाएगा। भोजपुरी भाषा भले ही संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है, लेकिन अब एक अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में इसका महत्व बढ़ता जा रहा है। विश्व के 18 देशों में, 30 से 40 प्रतिशत लोग इस भाषा को बोलते हैं। यह बहुत मधुर भाषा है। ...(व्यवधान)

**रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) :** आप भोजपुरी में बोलिए।

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अगर भोजपुरी में बोलूंगा तो यह रिकॉर्ड नहीं होगा।

**अध्यक्ष महोदय :** अभी भोजपुरी नहीं चलेगी।

प्रभुनाथ सिंह जी, मैं तो आपसे सहमत हूँ। अभी तो यह सेशन खत्म नहीं हो रहा है। खत्म होगा या नहीं, यह इन लोगों से पूछिए।

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया):** महोदय, ...(व्यवधान) *

**अध्यक्ष महोदय :** रघुनाथ झा जी, आपने जो बोला वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

---

* Not recorded

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** महोदय, आज भोजपुरी भाषा भारत के अलावा मारीशस, सूरीनाम, ट्रिनिडाड एण्ड टोबैगो, सिंगापुर, केन्या, बर्मा, बैंकाक, जमैका, हालैण्ड, डेनमार्क, फिजी, मालदीव, फिलीपीन्स, युगांडा एवं दक्षिण अमेरिका के अनेक देशों में बोली जाती है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, मिनिस्टर ने जो आश्वासन दिया था, उसे पूरा करना चाहिए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Minister, this issue of Bhojpuri language may be brought to notice of the Home Minister.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have directed the Minister to bring it to the notice of the Home Minister.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Sir, I have already placed the matter before the Home Minister. He will look into the matter. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He will place it before the Home Minister.

...(*Interruptions*)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव :** महोदय, गृहमंत्री जी द्वारा दिए गए आश्वासन का पालन होगा या नहीं?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** मैं अभी आपको यहां चेयर में बैठा दूंगा।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** महोदय, मैं प्रभुनाथ सिंह जी बात से स्वयं को एशोसिएट करता हूँ।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** महोदय, मैं स्वयं को श्री प्रभुनाथ सिंह जी के वक्तव्य के साथ एशोसिएट करता हूँ।

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, आप एशोसिएट कीजिए।

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर):** महोदय, भोजपुरी के साथ ही राजस्थानी भाषा के लिए भी बिल आना चाहिए।

MR. SPEAKER: I will not accept this. I will not allow this. Anybody can stand up at any time! आप नोटिस देने का भी कष्ट नहीं करते हैं। किसी अन्य माननीय सदस्य ने किसी दूसरे विषय पर नोटिस दिया है और आप बोलने के लिए खड़े हो गए।

â€¦(व्यवधान)

**प्रो. रासा सिंह रावत :** महोदय, उन्होंने राजस्थानी भाषा की भी बात कही है।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं-नहीं, क्या भोजपुरी और राजस्थानी भाषा एक ही है? नोटिस दीजिए, फिर बोलिए।

SHRI TARIT BARAN TOPDAR (BARRACKPORE): Sir, I want to associate.

MR. SPEAKER: Your association is not acknowledged.

Shri Prabodh Panda.

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Sir, I would like to draw the attention of the Government, through you, to ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Panda, please sit down for a second.

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** महोदय, गृहमंत्री जी ने यह आश्वासन 18 दिसंबर, 2006 को दिया गया था, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो इनकी बात पर कैसे भरोसा करें? अगर आप कहेंगे तो भरोसा कर लेंगे, लेकिन जब गृहमंत्री की बात को महत्व नहीं दिया जाता है, तो यह बहुत छोटे मिनिस्टर हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, मैं इसे देखूंगा। मैं इसके बारे में कोई गारन्टी नहीं दे सकता हूँ।

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** महोदय, मंत्री जी ने क्या कहा, यह भी हमें सुनाई नही दिया है। हम इनकी बात पर भरोसा कैसे करें।

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, मैं इसे देखूंगा। इसके बारे में पता करूंगा।

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अरे, आप तो कभी इधर आते हैं, कभी वहां जाते हैं। यह ठीक नहीं है। You will have to face some consequences.

**श्री लालू प्रसाद :** महोदय, भोजपुरी भाषा की विशालता और मधुरता सिर्फ देश में ही नहीं, दुनिया भर में है। इसे सदन में स्वीकार किया गया है। मैंने इसके बारे में बात की है और यह मामला जल्द ही कैबिनेट में आने वाला है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** क्या बात है, आप लोग सुनिए।

अभी लगता है कि भाईचारा हो गया है।

**श्री लालू प्रसाद :** महोदय, इसमें भाईचारे का सवाल नहीं है। हम सभी इस भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल करने के बारे में चिन्तित हैं। मेरी गृहमंत्री जी से बात हुई है। यह विषय जल्द ही कैबिनेट में लाया जाएगा और इस आश्वासन पर कार्रवाई की जाएगी। हम सांच-सांच बोलत आनी, भोजपुरी शामिल होइके रही, इसमें कौने संदेह नहीं के।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप भोजपुरी भाषा में जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।[R8] प्रभुनाथ जी, हम लोगों को इसके लिए सेलेब्रेट करेंगे।

**श्री लालू प्रसाद :** महोदय, लिखा नहीं जाएगा तो इसे ऐसे ही समझ लीजिए।

**अध्यक्ष महोदय:** प्रभुनाथ सिंह जी, अब हम लोगों को कुछ सेलिब्रेट करेंगे।

...(व्यवधान)

-----------------